<u>संदेश</u>

ओणम के शुभ अवसर पर मैं, सभी देशवासियों को विशेष रूप से देश और विदेश में रह रहे केरल के भाइयों व बहनों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं देती हूं।

नई फसल की शुरूआत का प्रतीक यह त्योहार केरल की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और परंपरा का उदाहरण है। यह त्योहार प्रकृति के प्रति आभार व्यक्त करने का भी अवसर है। केरल में हर वर्ग, जाति और धर्म के लोगों द्वारा मनाया जाने वाला यह उत्सव सामाजिक सौहार्द का भी संदेश देता है।

मैं कामना करती हूं कि खुशियों से भरा यह त्योहार हमें अपने राष्ट्र की प्रगति में योगदान देने और देशवासियों के बीच भाईचारे की भावना को मजबूत करने के लिए प्रेरित करे।

****